# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ   कार्तिक शुक्ल पक्ष–प्रतिपदा, 2082   विदिशा, दिन बुधवार, दिनांक 22 अक्टूबर, 2025


## सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में 37 बच्चे इलाज के लिए लाए गए

# दिवाली की रात देसी कार्बाइड गन से पीड़ित बच्चों की आंखों की रोशनी 50 प्रतिशत से अधिक खोई

**कार्बाइड गन कोई खिलौना नहीं, बल्कि छोटा बम है। इसके संपर्क में आने से आंखों के साथ त्वचा और नसों पर भी असर पड़ता है। अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को ऐसे खतरनाक खिलौनों से दूर रखें और दूसरों को भी जागरूक करें।**




**विदिशा।** देशी एयर गन से आंखों का इलाज करने अस्पताल बच्चे पहुंचे

डीआर संवाददाता ⋙ विदिशा

दिवाली की रात देसी कार्बाइड गन चलाने से 37 बच्चों की आंखे बुरी तरह घायल हो गई। इनमें से 20 बच्चों की 50 प्रतिशत तक रोशनी चली गई है। 8 बच्चों की आंखों की रोशनी 95 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। डॉक्टरों के अनुसार, इनकी आंखें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। बाकी 20 बच्चों की आंखों की रोशनी बचाने के लिए डॉक्टर लगातार ऑपरेशन कर रहे हैं। घायलों में 13 से 18 साल के बच्चे शामिल हैं। 20 से 25 साल की उम्र के 5 युवक भी हादसे का शिकार हुए हैं। 20 बच्चे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हुए। 17 बच्चों का इलाज विदिशा मेडिकल कॉलेज में हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि हादसे पीवीसी पाइप में कार्बाइड भरकर गन चलाने से हुए। सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर बच्चे इस तरह की गन बना रहे हैं। खेलते समय हादसे हो रहे हैं।

### आंखों और चेहरे पर सीधा प्रभाव

सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपाली जैन ने बताया कि दिवाली की रात से सोमवार शाम तक 20 से ज्यादा मरीज आंखों की चोट लेकर पहुंचे। इनमें 15 बच्चे 13 से 18 साल के थे। 5 युवक 20 से 25 साल के थे। 8 बच्चों की आंखों की रोशनी 95 प्रतिशत तक जा चुकी है। बाकी की रोशनी बचाने की कोशिश की जा रही है। डॉ. जैन ने बताया कि बच्चे पीवीसी पाइप में कार्बाइड पाउडर भरकर उसमें पानी डालते हैं। इससे विस्फोट होता है और तेज आवाज आती है। कई बार पाइप फट जाता है। इससे आंखों और चेहरे पर सीधा असर होता है। उन्होंने कहा कि दिवाली खुशियों का त्योहार है, लेकिन लापरवाही से यह दुख में बदल सकता है।

### गांव में बिना अनुमति एयर गन बेच रहे युवक को पकड़ा

बिना अनुमति के एयर गन बेच रहे एक युवक को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि मोहित नामक 30 साल का युवक बिना अनुमति के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एयर गन बेच रहा था। उसको गिरफ्तार कर लिया गया।

### ऐसे बनाता है एसिटिलीन गैस

शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ. एससीएल चंद्रवंशी ने बताया कि दिवाली रात और सोमवार शाम तक 17 बच्चे भर्ती किए गए। इनकी आंखों की 50 प्रतिशत तक रोशनी जा चुकी है। सभी हादसे कार्बाइड गन से हुए। डॉ. निखिला यादव और उनकी टीम बच्चों की आंखों की रोशनी बचाने में जुटी है। डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि पीवीसी पाइप में कैल्शियम कार्बाइड भरा होता है। पानी के संपर्क में आने पर यह एसिटिलीन गैस बनाता है। यह गैस जलने पर धमाके के साथ निकलती है। इससे आंखों की रोशनी पलभर में चली जाती है। कई बार बच्चे गन के अंदर झांक लेते हैं, जिससे गैस सीधे चेहरे और आंखों पर असर डालती है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर हुई परेड 191 पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि



डीआर संवाददाता ⋙ विदिशा

पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस पर एक परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए 191 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने वर्ष 2024–25 में शहीद हुए 191 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। इनमें मध्य प्रदेश के 11 और अन्य राज्यों के 180 पुलिस जवान शामिल थे। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की अमर वीरता को नमन किया।

ये अधिकारी रहे मौजूद

परेड दल का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान ने किया। शहीद स्मारक स्थल पर अधिकारियों, कर्मचारियों, नगर रक्षा समिति के सदस्यों और आमजन ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सिंह, थाना प्रभारी सिविल लाइन आरके मिश्र, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव सहित कई अधिकारी–कर्मचारी और नगर रक्षा समिति के सदस्य मौजूद थे।

### क्यों और कब मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

हर साल 21 अक्टूबर को श्पुलिस स्मृति दिवसश मनाया जाता है। यह दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सशस्त्र टुकड़ी के हमले में शहीद हुए भारत के 10 पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। इन जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था

## न्यूज गैलरी

### मतदाता सूची, 24 अक्टूबर तक दावा–आपत्ति मांगी

**विदिशा।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। यह पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। पहले अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होना था। अब यह 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को विहित स्थानों पर किया जा चुका है। अब 24 अक्टूबर तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी।

### धरती आबा अभियान में विदिशा प्रदेश में नंबर वन

**विदिशा।** नीति आयोग की राष्ट्रीय स्तर पर की गई समीक्षा में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के क्रियान्वयन में विदिशा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। जिले के 86 चिन्हित ग्रामों में विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों और उनके बच्चों को शासन की व्यक्तिगत और सार्वजनिक हितलाभकारी योजनाओं से जोड़ा गया। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी विभागों और ग्राम स्तर पर कार्यरत साथियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

### मुख्यमंत्री के आज बल्लाखेड़ी आने की संभावना

**विदिशा।** 22 अक्टूबर को अपराह 3 बजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बल्लाखेड़ी में आने की संभावना है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने हेलीपैड भी तैयार करवा लिया है, लेकिन मंगलवार देर रात तक मुख्यमंत्री के आने का प्रोटोकॉल जारी नहीं हुआ था। हालांकि जिला प्रशासन के अधिकारी के अनुसार मुख्यमंत्री यहां पर एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आएगें। उसकी तैयारी कर ली गई। प्रोटोकॉल बुधवार सुबह जारी हो सकता है।

### भैंस बांधने को लेकर हुआ पड़ोसियों में विवाद, केस

**विदिशा।** मंगलवार सुबह ग्राम भटखेड़ी में दो पड़ोसियों के बीच भैंस बांधने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। झगड़े में कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बद्री प्रसाद और एक अन्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने बताया कि गांव में एक ही स्थान पर भैंस बांधने को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुविधाएं नहीं मिलने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

**विदिशा।** शहर के पास चिड़ोरिया धाम में मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पीठाधीश्वर अंशुल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रशासन और पंचायत से कहने के बाद भी यहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की पहल नहीं हो रही है। शनिवार को भूख हड़ताल करेंगे और कलेक्ट्रेट में धरना देंगे।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 24 को

**विदिशा।** जिपं की सामान्य सभा की बैठक 24 अक्टूबर की दोपहर एक बजे से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है।

## मोक्ष कल्याणक, गौतम स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्ति का पर्व



डीआर संवाददाता ⋙ विदिशा

में जैन समाज ने कार्तिक कृष्ण अमावस्या पर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक और गौतम स्वामी का केवल ज्ञान महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर शहर के सभी जैन मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह मंदिरों में जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांति धारा, पूजन और विधान संपन्न हुए। इसके पश्चात निर्वाण कांड का पाठ किया गया और भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मंदिरों को रंग–बिरंगी लाइटों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया था।

## माता लक्ष्मी के सामने सजाई 35 लाख के जेवर व नगदी की थाली, चोर ले गए

डीआर संवाददाता ⋙ विदिशा



दीपावली की रात शिव नगर कॉलोनी में चोरों ने वकील के घर से 35 लाख रुपए के जेवर और नकदी चुरा लिए। वारदात वार्ड नंबर 36, अभिनंदन गार्डन के पास स्थित एडवोकेट निरंजन विश्वकर्मा के घर हुई। परिवार ने सोमवार रात 10 बजे लक्ष्मी पूजन के बाद सोने–चांदी के जेवर और करीब 7 हजार रुपए देवी के सामने रखे थे। रात 1 बजे पूरा परिवार सो गया। सुबह 5 बजे पत्नी की नींद खुली तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जेवर और नकदी गायब थे। सूचना मिलते ही सीएसपी अतुल सिंह, सिविल लाइन थाना प्रभारी आर. के. मिश्रा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने जांच की। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चोरों की तलाश जारी है।

### सिविल लाइंस की असुरक्षितः सिविल लाइंस

और कोतवाली थाना क्षेत्र की 70 कॉलोनियों में से 44 में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। सिविल लाइंस की 51 कॉलोनियों में से सिर्फ 9 में कैमरे हैं। कोतवाली क्षेत्र की 19 कॉलोनियों में से 17 में कैमरे लगे हैं। इससे साफ है कि सिविल लाइंस क्षेत्र की कॉलोनियां रात में ज्यादा असुरक्षित हैं। शहर की 30 लोकेशंस पर पुलिस ने 183 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनमें से 143 चालू हैं। 40 कैमरे बंद पड़े हैं।

### 20 दिनों में 15 से ज्यादा चोरियां में से एक का खुलासा

चार दिन पहले पटेल गार्डन के पास संजय कॉलोनी में भी चोरी हुई थी। मकान मालिक रोहित गोस्वामी अपने पिता के निधन के कारण 20 दिन से गांव में थे। शुक्रवार सुबह 6 बजे पड़ोसी संदीप दुबे ने ताले टूटे देखे। घर का सामान बिखरा था। चोर बच्चों की गुल्लक, होम थिएटर और नकदी ले गए। तिलक चौक पर तीन दुकानों के ताले भी टूटे थे। पिछले 20 दिनों में शहर में 15 से ज्यादा चोरियां हो चुकी हैं। पुलिस ने सिर्फ तोपपुरा चोरी का खुलासा किया है। उसके अगले दिन फिर चार से ज्यादा जगहों पर ताले टूटे। पिछले महीने जिला अस्पताल और नाना के बाग दुर्गा मंदिर की चोरी का खुलासा हुआ, तो अगले दिन समर्पित टू कॉलोनी और शिव विहार कॉलोनी में चोरी हो गई। इधर पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की।

## खरीफ फसल की कटाई के बाद किसान कर रहे रबी की तैयारी

डीआर संवाददाता ⋙ गंजबासौदा

गंजबासौदा क्षेत्र मे खरीफ फसलों की कटाई पूरी हो चुकी है और अब किसान रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों में जुट गए हैं। खेतों में ट्रैक्टर चलाकर मिट्टी को समतल किया जा रहा है तथा नमी बनाए रखने के लिए पानी भरा जा रहा है। किसान अपने निजी नलकूपों और कुओं से खेतों तक पानी पहुंचाकर बुवाई योग्य बना रहे हैं।



किसान फोडकी जखरू सिंह ने बताया कि गेहूं और चने की फसल के लिए तैयारी जोरों पर है। यदि इस बीच अच्छी बारिश (चौती बरसात) हो जाती है तो रबी फसल की बुवाई समय पर और आसानी से हो सकेगी। इससे सिंचाई की लागत भी घटेगी और पैदावार पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

अभी अधिकतर किसान खेतों की जुताई और पलेवा (खेतों में पानी भरना) का काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले कुछ दिनों में मौसम अनुकूल रहेगा और बुवाई शुरू कर दी जाएगी। किसानों का कहना है कि समय पर ठंड और पर्याप्त नमी मिलने पर रबी की फसल अच्छी होगी और इस बार पैदावार बेहतर रहने की उम्मीद है।

## कांग्रेसीओं ने डीएपी की बोरी की पूजा कर मांगी सरकार को सद्‌बुद्धि

डीआर संवाददाता ⋙ सिरोंज

सिरोंज रबी सीजन में खाद के संकट से जूझ रहे किसानों की परेशानी को लेकर कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने अनोखा विरोध दर्ज कराया। सोमवार को उन्होंने बासौदा नाका पर डीएपी की एक बोरी की पूजा कर आरती उतारी। दीपावली के दिन हुई इस पूजा में उन्होंने प्रदेश सरकार और अधिकारियों की



कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

रघुवंशी ने कहा कि यह जिला केन्द्रीय कृषि मंत्री का है, फिर भी किसानों को डीएपी के लिए

भटकना पड़ रहा है। न टोकन बुक हो रहे हैं, न ही खाद मिल रही है। अधिकारी किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूजा कर प्रदेश के मुखिया को सद्‌बुद्धि देने की प्रार्थना की है। इस दौरान बलराम लोधी, चंद्रप्रकाश रघुवंशी, वीरसिंह पटेल, रामबाबू पटेल, शिवम शर्मा और नरेन्द्र परसोरा मौजूद रहे। क्षेत्र में खाद की कमी से किसान परेशान हैं। कई जगहों पर लंबी कतारें लग रही हैं। किसान दिनभर खाद के लिए भटक रहे हैं।

## दीपोत्सव की धूम | पटाखों की गूंज, शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक सुनाई दी

# पटाखों और आतिशबाजी से आसमान में धुंध छा गई

डीआर संवाददाता ⋙ विदिशा।

दिवाली की रात विदिशा में रासायनिक पटाखों के धमाकों से पूरा शहर गूंजता रहा। गुरुवार 20 अक्टूबर को शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण फैला। पटाखों और आतिशबाजी से आसमान में धुंध छा गई। पुराने शहर और मेन मार्केट एरिया में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई थी। एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 तक पहुंच गया। यह सामान्य स्तर से करीब 100 पाइंट ज्यादा रहा। सामान्य एक्यूआई 50 से 100 के बीच होता है।



शहर में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण सांची रोड स्थित अडानी विलमर कंपनी के पास पाया गया। पटाखों के जहरीले धुएं से कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। दमा और अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ गई। रामलीला मैदान में लगे पटाखा बाजार में इस बार करीब 4 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, दिवाली की रात विदिशा का एक्यूआई 199.69 दर्ज किया गया। इसके बाद पुराना शहर, बड़ा बाजार से माधवगंज चौक तक एक्यूआई 200 तक रहा। यहां हवा की गुणवत्ता। पिछले दो साल की तुलना में इस बार दिवाली पर वायु प्रदूषण थोड़ा कम रहा। साल 2023 में एक्यूआई 235.38 और 2024 में 228.31 था। इस साल यह घटकर 200 के करीब रहा। वायु गुणवत्ता सूचकांक से हवा की स्थिति और भविष्य के प्रदूषण का अंदाजा लगाया जाता है।

### प्रदूषण लेवल का पैरामीटर

–51 से 100 एक्यूआई तक संतोषजनक –101 से 200 एक्यूआई तक पुअर

तक अधिक –201 से 300 एक्यूआई

–301 से 400

एक्यूआई तक वेरी पुअर –401 से 500 एक्यूआई तक खतरनाक

## दबंग चरनोई भूमि पर कब्जा करने पहुंचे, महिला पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश

डीआर संवाददाता ⋙ लटेरी

रैंगान गांव में दीपावली की सुबह तीन ट्रैक्टरों के साथ कुछ दबंग चरनोई जमीन पर कब्जा करने पहुंच गए। गांव की महिलाएं जब बकरी चराने गई तो देखा कि ट्रैक्टर जमीन जोत रहे थे। विरोध करने पर एक ट्रैक्टर चालक ने महिला पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। महिला किसी तरह जान बचाकर गांव पहुंची। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौकेपर पहुंचे और विरोध जताया। करीब 80 बीघा जमीन वर्षों सेचरनोई के रूप में उपयोग हो रही है। आसपास के गांवों के लोग अपने मवेशी यहां चराते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह जमीन वन और राजस्व विभाग की है। कुछ माफिया तत्व अफसरों की मिलीभगत से इस पर कब्जा



करना चाहते हैं। ग्रामीण शिवचरण चंदेल, उधम मैना, रामदयल मेहर और दिनेश चंदेल ने बताया कि हर साल यह जमीन माफियाओं से बचाई जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि माफिया ने धमकी दी कि अगर रोका गया तो ट्रैक्टर चढ़ा देंगे और जमीन परकब्जा करके ही रहेंगे। ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रेंजर विवेक चौधरी ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया है। जमीन का सीमांकन कर जांच की जाएगी। तहसीलदार जगन प्रसाद सौर ने कहा कि आज अवकाश होने के कारण कल दोनों विभाग संयुक्त रूप से जांच करेंगे और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

